4. सिक्कों पर दो पतवारों वाले जहाज के चित्र बने थे — (d) वशिष्ठीपुत्र पुलुमावी

कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन करें?

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | b | a | c | d |
| (C) | a | d | c | b |
| (D) | a | b | d | c |

96. सातवाहन काल के धार्मिन व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :
1. सातवाहन शासकों ने राज्य में निवार करने वाले सभी नागरिकों के प्रति धार्मिक सहिष्णुता की नीति का अनुशीलन किया।
2. सातवाहन काल में राजा स्वयं के साथ देवताओं का तादात्म्य स्थपित करने लगे।
3. गौतमीपुत्र शातकर्णी को नासिक अभिलेख में अद्वितीय ब्राह्मण कहा गया है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 2 और 3 (D) उपरोक्त सभी

97. हाथी गुंफा अभिलेख किस लिपि और भाषा में उत्कीर्णित है?
(A) अरमाइक एवं प्राकृत (B) ब्राहमी एवं प्राकृत
(C) ब्राहमनी एवं पाली (D) देवनागरी एवं संस्कृत

98. किस अभिलेख में सर्वप्रथम प्रथम भारत वर्ष का उल्लेख मिलता है?
(A) हाथी गुंफा अभिलेख (B) नासिक अभिलेख
(C) उज्जैन अभिलेख (D) अयोध्या अभिलेख

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



99. **Consider the following statements**
    1. The founder of Chedi dynasty is Kharavela.
    2. Kharavela had a conflict with Satavahana king Yagnyashree Shatkarni.
    3. The title of Chakravarti has been mentioned in the Ranigumpha inscription of Kharavela.
    4. Kharavela assumed the title of Bhikshuraj

    **Which of the above statements is/are correct?**

    (A) 1 and 2 (B) 3 and 4
    (C) 1 and 4 (D) 2 and 3

100. **Which of the following statements is false?**
    (A) In the fifth year of his rule, Kharavela expanded the canal dug by Magadha king Mahapadmananda from Tansuli to Kalinga.
    (B) In the ninth year of his rule, Kharavela constructed a Mahavijaya Prasad on both sides of the Prachi river.
    (C) In the 11th year of his rule, Kharavela carried out a military campaign in South India and destroyed the city of Pithund (near Madras) and made donkeys plow there.
    (D) Kharavela was a follower of Shiva, he lived in Berar, Ahmednagar.

99. **निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये**
    1. चेदिवंश का संस्थापक खारवेल है
    2. खारवेल का संघर्ष सातवाहन नरेश यगज्ञश्री शातकर्णी से हुआ
    3. खारवेल के रानीगुंफा अभिलेख में इसके लिए चक्रवर्ती की उपाधि का उल्लेख हुआ है
    4. खारवेल ने भिक्षुराज की उपाधि धारण की थी

    **उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है?**

    (A) 1 और 2 (B) 3 और 4
    (C) 1 और 4 (D) 2 और 3

100. **निम्नलिखित कथन में से कौन सा कथन असत्य है?**
    (A) खारवेल ने अपने शासन के पांचवे वर्ष में मगधराज महापद्मनन्द द्वारा खुदवाई गई नहर का विस्तार तनसूली से कलिंग तक करवाया
    (B) खारवेल ने अपने शासन के नवें वर्ष में प्राची नदी के दोनों तरफ एक महाविजय प्रसाद का निर्माण करवाया
    (C) खारवेल ने अपने शासन के 11वें वर्ष में दक्षिण भारत में सैन्य अभियान कर पिथुंड नगर (मद्रास के पास) को ध्वस्त किया और वहां गधों का हल चलवाया
    (D) खारवेल शिव का अनुवायी था उसने बरार अहमदनगर

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



70th BPSC Prelims Sectional Test-03

2 Hour

# TEST - 03

## उत्तर एवं व्याख्या (हिन्दी)

1. **(A) 185 ई०पू०**
पुष्यमित्र शुंग ने अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या कर 185 ई०पू० में शुंग वंश की स्थापना की। पुष्यमित्र मौर्यों की सेना का सेनापति था। शुंग वंश ने लगभग 112 वर्षों तक राज्य किया।

2. **(B) विदिशा**
शुंग ब्राह्मण थे तथा उज्जैन प्रदेश के निवासी थे। संभवत: पुष्यमित्र शुंग 'सेनानी' के नाम से शासन करता रहा, क्योंकि पुराण, हर्षचरित तथा मालविकाग्निमित्र सभी में पुष्यमित्र के लिए सेनानी अर्थात सेनापति की उपाधि का ही प्रयोग मिलता है। बाणभट्ट के हर्षचरित में पुष्यमित्र को अनार्य कहा गया है। शुंग शासकों ने विदिशा को अपने राज्य की राजधानी बनाया। पाटलिपुत्र, अयोध्या एवं जालंधर इस समय के महत्वपूर्ण नगर थे।

3. **(A) अयोध्या अभिलेख**
पुष्यमित्र के अयोध्या के राज्यपाल धनादेव के लेख से पता चलता है कि पुष्यमित्र ने दो अश्वमेध यज्ञ किए थे। इसे कराने का श्रेय पतंजलि को है। पतंजलि, पुष्यमित्र के यज्ञ के पुरोहित थे। ये उज्जैन के ब्राह्मण थे। अयोध्या से प्राप्त अभिलेखों से ज्ञात होता है कि यज्ञ के उपरांत छोड़े गए घोड़े के यवनों द्वारा पकड़े जाने पर यवनों और शुंगों के बीच संघर्ष हुआ था। इस युद्ध में यवन पराजित हुए। मालविकाग्निमित्रम् और गार्गी संहिता में इस अश्वमेध यज्ञ की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। इन दोनों में भी यवन आक्रमण की सूचना मिलती है।

4. **(C) पुष्यमित्र शुंग**
बौद्ध ग्रंथ दिव्यावदान में पुष्यमित्र शुंग को बौद्धों का उत्पीड़क एवं पाटलिपुत्र के 'कुक्कुटाराम महाविहार' को नष्ट करने वाला बताया गया है, परंतु पुष्यमित्र ने साँची में दो स्तूपों का निर्माण करवाया तथा अशोक कालीन साँची के महास्तूप की काष्ठ-वेदिका के स्थान पर पाषाण-वेदिका निर्मित करवाई। भरहुत स्तूप का निर्माण भी पुष्यमित्र शुंग ने करवाया, जिसकी वेष्टिनी पर 'सुगनंरजे' लिखा है। इस स्तूप की खोज अलेक्जेण्डर कनिंगघम ने 1873 ई० में की थी।

5. **(C)**
शुंग वंश की स्थापना पुष्यमित्र ने की थी। शुंग काल में ही पाटलिपुत्र पर यवन आक्रमणकारी डेमिट्रियस का आक्रमण हुआ, जो असफल रहा। पुराणों के अनुसार शुंगवंश का दसवां और अंतिम शासक देवभूति था। उसने 10 वर्षों तक शासन किया। उसके आमत्य वासुदेव ने उसकी हत्या (73 ईसा पूर्व) कर दी और मगध की गद्दी पर कण्व वंश की स्थापना की। शुंग वंश के 9 वें शासक भागभद्र (भागवत) के शासनकाल के 14 वें वर्ष में तक्षशिला के यवन शासक एण्टिमालकीट्स के राजदूत हेलियोडोरस विदिशा में उनके दरबार में आया। हेलियोडोरस ने भागवत धर्म ग्रहण कर लिया तथा विदिशा (वेसनगर) में वासुदेव के सम्मान में एक गरूढ़ ध्वज (स्तंभ) स्थापित किया। इस स्तंभ पर दंभ (आत्मनिग्रह), छत्र, त्याग और अग्रमाद शब्द अंकित किए गए हैं।

6. **(D) 1, 2 और 3**
शुंग कालीन समाज वर्णाश्रम पर आधारित था। मनुस्मृति इसी काल की रचना है। इसमें वर्णाश्रम धर्म के नियमों का उल्लेख है। मनुस्मृति में यह उल्लेख मिलता है कि "स्वधर्म निम्न होने पर भी श्रेष्ठ परधर्म की अपेक्षा उत्तम है। यदि निम्न जाति का व्यक्ति लोभवश उच्च जाति के पेशे को अपनाता है तो राजा को चाहिए कि वह उसकी संपति जब्त कर ले तथा उसे देश से निकाल दे।" मनु ने ब्राह्मणों को विपत्ति के समय अपने वर्ण से भिन्न पेशा अपना कर जीविका कमाने की छूट प्रदान किया है। मनुस्मृति में शूद्र अध्यापक तथा शुद्र शिल्पों का भी उल्लेख मिलता है, जिससे ज्ञात होता है कि उन्हें शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार था। लेकिन शुद्रों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, मनुस्मृति उन्हें दासों की कोटि में रखा है। शुद्र की हत्या करने पर ब्राह्मण को वही दण्ड मिलता था जो कुत्ते, बिल्ली, कौवा आदि की हत्या करने पर। वर्णाश्रम धर्म के पालन न करने वाले लोगों को व्रात्य, वृषल, अथवा संकर कहा जाता था।

7. **(B) केवल 2**
शुंगकालीन समाज में बाल विवाह का प्रचलन था तथा कन्याओं का विवाह 8 – 12 वर्ष की आयु में किया जाने लगा था। शुंगकालीन समाज में नियोग प्रथा प्रचलित थी तथा विधवा विवाह भी होता था। नियोग का अर्थ – मनुस्मृति के अनुसार – पति द्वारा संतान उत्पन्न न होने पर या पति की अकाल मृत्यु की अवस्था में ऐसा उपाय है, जिसके अनुसार स्त्री अपने

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



देवर अथवा उच्चकोटि के ब्राह्मण से नियोग पद्धति से गर्भाधान करा सकती है। उसमें स्त्री की मर्जी होना जरूरी है। मनु ने विवाह को आजीवन चलने वाली संस्था बताया है। मनुस्मृति में पत्नी को छोड़ने वाले पति के लिए दण्ड की सलाह दी गई है।

**8. (A) वासुदेव कण्व, भूमिमित्र कण्व, नारायण कण्व, सुशर्मा कण्व**

अंतिम शुंग वंश के शासक देवभूति की हत्या कर उसके अमात्य वासुदेव ने 73 ई०पू० में कण्व वंश की स्थापना की। कण्व वंश में चार शासक हुए। पुराण के अनुसार इनका शासन क्रम है – वासुदेव कण्व, भूमिमित्र कण्व, नारायण कण्व, सुशर्मा कण्व। इस वंश का अंतिम राजा सुशर्मा की हत्या आन्ध्रजातीय शिमुक द्वारा की गई (वायु पुराण के अनुसार)।

**9. (A) शातकर्णी प्रथम**

अन्ध्र सातवाहन वंश की स्थापना शिमुक ने 60 ईसा पूर्व में कण्ववंशीय सुशर्मा की हत्या करके की। शिमुक के बारे में अधिकांश जानकारी पुराण एवं नानाघाट प्रतिमा लेख से मिलती है। पुराणों में शिमुक को सिंधुक, शिशुक, शिप्रक एवं वृषल आदि नामों से संबोधित किया गया है। शातकर्णी प्रथम इस वंश का एक महत्वपूर्ण शासक हुआ।यह आन्ध्र सातवाहन वंश का प्रथम शातकर्णी उपाधि धारण करने वाला राजा था। इसने दो अश्वमेध यज्ञ एवं एक राजसूय यज्ञ संपन्न कर सम्राट की उपाधि धारण की। अश्वमेध यज्ञ के बाद शातकर्णी प्रथम ने मालव शैली की गोल मुद्राएं तथा अपनी पत्नी के नाम रजत मुद्राएं उत्कीर्ण करवाई। इसके अलावा इसने दक्षिणाधिपति एवं अप्रतिहतचक्र की उपाधि भी धारण की थी। पेरिप्लस ऑफ इरिथ्रियन सी में इसको 'एल्डरसौरागोनस' कहा गया है। इसी पुस्तक में यह उल्लेख मिलता है कि इसके काल में सोपरा और कल्याण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं वाणिज्य के लिए सुरक्षित थे। शातकर्णी प्रथम ने अनुप प्रदेश तथा विदर्भ प्रदेश पर भी विजय प्राप्त की। पुराणों में इसे कृष्ण का पुत्र बतलाया गया है। शातकर्णी प्रथम को द्विजो तथा द्विजेत्तर जातियों के कुलों का वर्धन करने वाला कहा गया है।

**10. (D) 1, 2, 3 और 4**

राजा हाल के शासन का विवरण काव्यमीमांसा, लीलावती, अभिधान चिंतामणि एवं गाथासप्तशती में मिलता है। गाथासप्तशती की रचना स्वयं हाल ने की थी। इसमें उसकी प्रेमगाथाओं का वर्णन है। यह प्राकृत भाषा का ग्रंथ है। मत्स्य पुरान के अनुसार यह आन्ध्रसातवाहन वंश का 17 वां राजा था। इसकी राजसभा में वृहतकथा के लेखक गुणाढ्य एवं कामतंत्र व्यापकरण के लेखक सर्ववर्मन निवास करते थे। हाल के सेनापति विजयानंद ने श्रीलंका को जीता। संभवत: कालान्तर में राजा हाल ने लंका के शासक की पुत्री लीलावती से विवाह किया।

**11. (C) 1 और 2**

आन्ध्र सातवाहन वंश के शासक गौतमी पुत्र शातकर्णी ने शकों, यवनों, पल्लवों एवं क्षहरातों को परास्त कर सातवाहन वंश की खोई हुईप्रतिष्ठा पुन: प्राप्त की। गौतमी पुत्र शातकर्णी ने शक शासक नहपान को परास्त कर उसके चांदी के सिक्कों पर अपना नाम खुदवाया। उसके तीन अभिलेख (दो नासिक से और एक कार्ले से) मिलते हैं। उसकी सैनिक विजय की जानकारी उसकी माता बलश्री की नासिक अभिलेख से भी मिलती है।

**12. (B) गौतमीपुत्र शातकर्णी**

सातवाहन शासक गौतमी पुत्र शातकर्णी को शकों को पराजित करने के उपलक्ष्य में इसे 'शक-यवन-पहलव किसूदनस' कहा गया है। इसने 'खतियदपमानमदनस' (क्षत्रियों के दर्प का मान मर्दन करने वाला) उपाधि धारण की। गौतमीपुत्र शातकर्णी को त्रि-समुद्र तोय पिता-वाहन भी कहा जाता था, जिसका अर्थ है उसके घोड़ों ने तीनों समुद्रों का पानी पिया था (गौतमी बलश्री के लेखों के अनुसार)। इसने नासिक जिले में 'वेणाकटक' नामक नगर का निर्माण करवाया। उसने राजाराज, वेंकटस्वामी की उपाधियां ग्रहण की। उसने बौद्ध संघ को 'अजकालिकय' तथा कार्ले के भिक्षुसंघ को 'कजरक' नामक ग्राम दान में दिए। पुराण गौतमी पुत्र शातकर्णी को सातवाहन वंश का 23 वां राजा मानता है। इसने 106 – 130 ई० तक शासन किया। गौतमी पुत्र शातकर्णी का साम्राज्य संभवत: उत्तर में मालवा से लेकर दक्षिण में कर्नाटक तक फैला हुआ था।

**13. (D) चतुर्थ पुलमावी**

सातवाहन वंश की स्थापना शिमुक ने की थी। सातवाहन वंश के प्रमुख शसक शिमुक, शातकर्णी प्रथम, गौतमीपुत्र शातकर्णी, वशिष्ठीपुत्र पुलमावी, यज्ञश्री शातकर्णी हुए। चतुर्थ पुलमावी को इस वंश का अंतिम शासक माना गया है।

**14. (B) प्राकृत**

सातवाहन वंश की शासकीय भाषा प्राकृत थी। इस वंश के शासक हाल ने गाथासप्तशती नामक प्राकृत में एक काव्य की रचना की।

**15. (B) राजा हाल**

सातवाहन शासक राजा हाल के रदबार में गुणाढ्य तथा सर्ववर्मन नाम के विद्वान रहते थे। गुणाढ्य ने पैचाशी प्राकृत भाषा में वृहतकथा नामक ग्रंथ की रचना की। सववर्मन ने कामतंत्र नामक संस्कृत व्याकरण ग्रंथ की रचना की। हाल की एक रानी मलयवती संस्कृत भाषा की विदुषी थी।

**16. (B) सातवाहन वंश**

ब्राह्मणों को सर्वप्रथम भूमिदान एवं जागीर देने की प्रथा का आरंभ सातवाहन शासकों ने ही सर्वप्रथम किया। भूमिदान का सर्वप्राचीन पुरालेखीय प्रमाण शताब्दी ई०पू० के सातवाहनों के नानाघाट अभिलेख में मिलता है, जिसमें अश्वमेध यज्ञ में एक गॉव देने का उल्लेख है।

**17. (C) 1 और 2 दोनों**

सातवाहन के समय सीसा सिक्के जारी किए गए। सातवाहन अपना सिक्का ढालने में जिस सीसे का इस्तेमाल करते थे, उसे रोम से मंगाया

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



जाता था। सातवाहन शासकों ने चाँदी, ताँबे, सीसा, पोटीन और काँसे की मुद्राओं का प्रचलन किया।

**18. (B) विम कडफिसस**

कुषाण मध्य एशिया की यूची जाति के थे। यूची एक कबीला था, जो पांच कुलों में बंट गया था, उसी में से कुषाण एक कुल था। भारत में सर्वप्रथम कुजुल कडफिसस नामक शासक ने आक्रमण कर पश्चिमोत्तर प्रदेश पर अधिकार कर लिया। उसने महाराजा की उपाधि धारण की। आगे चलकर इसका पुत्र विम कडफिसस ने आगे चलकर तक्षशिला और पंजाब पर अधिकार कर लिया। सर्वप्रथम विम कडफिसस के समय में ही भारत में कुषाण सत्ता स्थापित हुई। यह भारत में कुषाण शक्ति का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। विम कडफिसस को चेन-काओ-चेन के नाम से जाना जाता है।

**19. (D) 1, 2 और 3**

श्रीधर्मपिटक निदानसूत्र के चीनी अनुवाद से ज्ञात होता है कि कनिष्क ने पाटलिपुत्र पर आक्रमण कर वहां के शासक को हराकर हर्जाने के रूप में मगध के प्रसिद्ध विद्वान अश्वघोष तथा बुद्ध का भिक्षापात्र प्राप्त किया था। उसे एक अनोखा कुक्कुट भी प्राप्त हुआ। अश्वघोष ने बुद्धचरित, सूत्रालंकार और सौंदर्यानंद जैसे ग्रंथों की रचना की थी।

**20. (D) जीवक**

कनिष्क के दरबार में अश्वघोष, वसुमित्र, पार्श्व, नागार्जुन, चरक जैसे विद्वान रहते थे। आयुर्वेदाचार्य चरक कनिष्क का वैद्य था। इनके द्वारा चिकित्सा शास्त्र पर एक ग्रंथ लिखा गया, जिसे चरकसंहिता कहा जाता है। कनिष्क का मंत्री मातर तथा पुरोहित संघरक्ष था। जीवक बिंबिसार के शासन से संबंधित है।

**21. (A) कुषाण**

कुषाणों ने राज्य शासन में क्षत्रप प्रणाली चलाई। रोम के शासकों के समान मृत राजाओं की मूर्तियाँ स्थापित करने के लिए मंदिर बनवाने की प्रथा (देवकुल) भी प्रारंभ हुई। कुषाणों ने दो आनुवांशिक राजाओं का संयुक्त शासन की परिपाटी भी चलाई व प्रांतों में द्वैध-शासन की प्रणाली प्रारंभ की।

**22. (A) प्रथम सदी के आरंभ में**

भारत ने सीसा ढालने की जानकारी ईसा के प्रथम सदी के आरंभ में आकर प्राप्त की।

**23. (B) हिन्द-यवन**

हिन्द-यवन शासकों ने सर्वप्रथम सोने के सिक्के चलाए, जिन पर द्विभाषिक लेख होते थे। एक तरफ यूनानी भाषा एवं लिपि में तथा दूसरी तरफ प्राकृत भाषा और खरोष्ठी लिपि में। उन्होंने सोने, चांदी एवं ताम्बे के सिक्के चलाए। सोने का सिक्का वजन में 133 ग्रेन का होता था।

**24. (D) चन्द्रगुप्त मौर्य – जीवक**

पुष्यमित्र शुंग – पतंजलि

कनिष्क – नागार्जुन

राजा हाल – गुणाढ्य

बिम्बिसार – जीवक

**25. (C) 1 और 2**

कुषाणों ने सोना एवं ताम्बे के सिक्के जारी किए (कडफिसेस ने सोने एवं ताम्बे के सिक्के जारी करवाये)। कुषाणों ने ही सर्वाधिक शुद्ध सोने के सिक्के जारी किए। सर्वाधिक सोने के सिक्के गुप्त शासकों ने जारी किए थे।

**26. (D) गांधार शैली में बुद्ध की मूर्तियाँ केवल खड़े हुए में बनाए गए हैं।**

यूनानी कला के मिश्रण से देश के पश्चिमोत्तर प्रदेश में कला की जिस नवीन शैली का उदय हुआ, उसे गांधार शैली कहा जाता है। यह विशुद्ध रूप से बौद्ध धर्म से संबंधित धार्मिक प्रस्तर मूर्तिकला शैली है। इस कला की उदय कनिष्क प्रथम के समय हुआ था। इस कला के प्रमुख क्षेत्र तक्षशिला, कपिशा, पुष्कलावती, बामियान आदि है। गांधार शैली में स्वात घाटी के भूरे रंग का पत्थर या काले स्लेटी पत्थर का इस्तेमाल होता था। इसके अंतर्गत बुद्ध की मूर्तियाँ, आसन (बैठे हुए) या स्थानक (खड़े हुए) दोनों मुद्राओं में मिलती है।

**27. (C) चांदी**

मौर्योत्तर काल में नगरों में विभिन्न प्रकार के सिक्कों का प्रचलन था। सोने के मुख्य सिक्के निष्क, स्वर्ण तथा पण थे। 'शतमान' चाँदी का बना सिक्का होता था। काकिणी सिक्का ताम्बे तथा रांगे से बनता था।

**28. (A)**

कुषाणों ने बड़ी मात्रा में सोने के सिक्के जारी किए परंतु उन्होंने अपने दैनिक जीवन में व्यापारिक लेन-देन में ताम्बे के सिक्के का ही प्रयोग किया। कनिष्क के सिक्कों पर बौद्ध, ब्राह्मण एवं ईरानी देवताओं के चित्र मिलते हैं। भारत में सर्वप्रथम सोने के सिक्के कुषाण शासक विम कडफिसेस ने ही चलाए।

**29. (D) 1, 2 और 3**

गुप्त साम्राज्य का उदय तीसरी सदी के अंत में प्रयाग के निकट कौशाम्बी में हुआ। गुप्त वंश का प्रारंभिक राज्य आधुनिक उत्तर प्रदेश तथा बिहार में था। ये कुषाणों के सामंत थे। प्राचीन भारत में द्वितीय नगरीकरण से संबंधित क्षेत्र गंगा का मैदान था क्योंकि इसी क्षेत्र में गुप्त साम्राज्य का उद्भव हुआ। प्रयाग प्रशस्ति के अनुसार गुप्त वंश की स्थापना श्रीगुप्त ने की थी। श्रीगुप्त ने अयोध्या तथा उसके पूर्व में एवं सारनाथ क्षेत्र पर 240

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



ई॰ से 280 ई॰ तक शासन किया। इसके बाद इसके पुत्र घटोत्कच ने शासन किया।

**30. (C) चन्द्रगुप्त द्वितीय**

चीनी यात्री फाहियान चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय में ही भारत आया था। फाहियान की यात्रा का उद्देश्य बौद्ध धर्म के प्रमाणिक ग्रंथों की खोज करना तथा तीर्थ स्थलों को देखना था। वह पश्चिमी चीन, मध्य एशिया, पेशावर के स्थल मार्ग से भारत आया एवं ताम्रलिपि से सिंहल द्वीप होते हु ए समुद्री मार्ग से वापस लौट गया। वह तीन वर्ष तक पाटलिपुत्र में रहा था। वह अपनी यात्रा के अंतिम चरण में लुम्बनी तथा वैशाली गया।

**31. (D) समुन्द्र गुप्त महाराजाधिराज की उपाधि धारण की थी।**

प्रयाग प्रशस्ति प्रयागराज स्थित अशोक स्तंभ अभिलेख से समुद्रगुप्त के सैन्य अभियान के बारे में जानकारी मिलती है। समुन्द्रगुप्त के दरबार में प्रसिद्ध कवि हरिषेण रहता थ, जिसके प्रयाग प्रशस्ति लेख के सातवें श्लोक में समुन्द्र गुप्त के विजय अभियानों का उल्लेख किया है। समुन्द्र गुप्त ने अपने विजय अभियान के प्रथम चरण में आर्यावर्त या उत्तरी भारत के नौ शासकों को पराजित किया। प्रयाग प्रशस्ति में आर्यावर्त के नौ राजाओं – रुद्रदेव, नन्दी, मतिल, नागदत, चन्द्रवर्मा, गणपतिनाथ, नागसेन, अच्युत तथा बलवर्मा का उल्लेख मिलता है। इन राज्यों को प्रत्यक्ष रूप से अपने सामाज्य में मिला लिया। अपने विजय अभियान को पूरा करने के पश्चात् उसने अश्वमेध यज्ञ सम्पन्न किया और अश्वमेध पराक्रम की उपाधि ली। चन्द्रगुप्त प्रथम जो गुप्तवंश का वास्तविक संस्थापक था, उसने महाराजाधिराज की उपाधि धारण की थी।

**32. (C) समुद्रगुप्त**

समुद्रगुप्त को हरिषेण द्वारा लिखि प्रयाग प्रशस्ति में लिच्छवी दौहित्र भी कहा गया है। इसी प्रयाग प्रशस्ति से समुद्रगुप्त के सैन्य अभियान की जानकारी मिलती है। प्रयाग प्रशस्ति को हरिषेण ने संस्कृत में चम्पू शैली में लिखी है। प्रयाग प्रशस्ति में समुद्रगुप्त के लिए धर्मप्रचारबंधु उपाधि का भी उल्लेख मिलता है।

**33. (A) वी०ए० स्मिथ**

समुद्रगुप्त ने अपने शासन काल में पूरे भारत में सफल विजय अभियान किया था। उन्होंने कई भारतीय राज्यों को अपने साम्राज्य में मिलाया तथा कई राज्यों को जीतकर फिर उन्हें वापस कर दिया (अधिकतर दक्षिण के राज्य)। इन्होंने अपना अभियान पांच चरणों में पूरा किया था। समुद्र गुप्त के सफल विजय अभियान से प्रभावित होकर वी०ए० स्मिथ ने इन्हें भारत का नेपोलियन कहा है।

**34. (A)**

| राजा | उपाधि |
|---|---|
| श्रीगुप्त | महाराजा |
| घटोत्कच | महाराजा |
| चन्द्रगुप्त प्रथम | महाराजाधिराज |
| समुद्रगुप्त | कविराज, अश्वमेध-पराक्रम, परम भागवत (नालंदा ताम्रपत्र), धर्म प्रचारबंधु, सर्वराज उच्च श्रेष्ठ |
| चन्द्रगुप्त द्वितीय परम | विक्रमादित्य, देवश्री, देवराज, देवगुप्त, मट्टारक |
| कुमार गुप्त | महेन्द्रादित्य |
| स्कंदगुप्त | विक्रमादित्य, क्रमादित्य, परम भागवत शक्रोपम, देवराज |

**35. (B) युक्त पुरुष**

गुप्त काल में युद्ध से प्राप्त की गई संपति का लेखा-जोखा करने वाला अधिकारी को युक्त पुरुष कहा जाता था। राजकोष अधिकारी को भंडागाराधिकृत कहा जाता था। लेखा विभाग के सर्वोच्च अधिकारी को महाअक्षपटलिक कहा जाता था। अग्रहारिक दान विभाग का प्रधान को कहा जाता था।

**36. (A) देश या राष्ट्रभूक्ति-विषय-बीथि-पेथ-ग्राम**

गुप्तकालीन प्रशासनिक इकाई आरोह क्रम में – देश या राष्ट्रभूक्ति-विषय-बीथी-पथ-ग्राम है।

**37. (D) पुरपाल**

गुप्तकाल में नगरों का प्रशासन नगर महापालिकाओं द्वारा चलाया जाता था। वह कुमारमात्य के श्रेणी का अधिकारी होता था। जूनागढ़ लेख से ज्ञात होता है कि गिरनार का पुरपाल चक्रपालित था। नगर के शासन के लिए नियुक्ति समिति को संभवत: 'पौर' कहा जाता था।

**38. (A) मंदसौर अभिलेख**

मंदसौर अभिलेख – यह अभिलेख एक प्रशस्ति के रूप में है। इसकी रचना वत्सभट्टी ने की थी। इसमें कुमारगुप्त के राज्यपाल बंधुवर्मा द्वारा सूर्य मंदिर के निर्माण का उल्लेख है। इसी अभिलेख में रेशम बुनकरों की श्रेणी के द्वारा विशाल सूर्य मंदिर के निर्माण एवं मरम्मत का उल्लेख मिलता है।

**39. (A) दीनार**

गुप्त राजाओं ने ही सर्वाधिक स्वर्ण मुद्राएं जारी की, इनकी स्वर्णमुद्राओं को अभिलेखों में 'दीनार' कहा गया है। इनकी स्वर्ण मुद्राओं में स्वर्ण की मात्रा कुषाणों की स्वर्ण मुद्राओं की तुलना में कम थी। गुप्त राजाओं ने गुजरात को विजित करने के उपरांत चांदी के सिक्के चलाए। यह विजय संभवत: चन्द्रगुप्तद्वितीय द्वारा शकों के विरुद्ध की गई थी। गुप्तकाल में चॉदी के सिक्कों को रूप्यका कहा जाता था।

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



**40. (D) 1, 2 और 3**

भगवान शिव के एकमुखी एवं चतुर्मुखी शिवलिंग का निर्माण गुप्त काल में ही हुआ। शिव के अर्द्धनारीश्वर रूप की रचना भी इसी समय की गयी। गुप्तकाल की मूर्तियों में कुषाणकालीन नग्नता एवं कामुकता का पूर्णतः लोप हो गया था। गुप्तकालीन मूर्तिकारों ने शारीरिक आकर्षण को छिपाने के लिए मूर्तियों में वस्त्रों के प्रयोग का प्रारंभ किया। गुप्तकाल में अधिकांश मूर्तियाँ हिन्दू देवी-देवताओं से संबंधित है।

**41. (A)**

- मुद्राराक्षसम्, देविचन्द्रगुप्तम - विशाखदत्त
- मृच्छकटिकम् - शूद्रक
- स्वप्नवासवदत्ता, प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्, चारुदत्तम् - भास
- विक्रमोर्वशीयम्, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, मालविकाग्निमित्रम् - कालिदास

**42. (D) चरक**

वराहमिहिर, आर्यभट्ट, वाग्भट्ट गुप्त काल से संबंधित है जबकि चरक का संबंध कनिष्ट काल से है।

गुप्तकालीन विज्ञान के अंतर्गत मुख्यतः गणित, ज्योतिष और आयुर्वेद का विकास हुआ। आर्यभट्ट, वराहमिहिर और ब्रह्मगुप्त गुप्तकालीन वैज्ञानिक हैं जिन्होंने अपने ग्रन्थों में विज्ञान की विवेचना की। आर्यभट्ट का प्रसिद्ध ग्रन्थ आर्यभट्टीयम् है। आर्यभट्ट के बाद दूसरा प्रसिद्ध गुप्तकालीन गणितज्ञ एवं ज्योतिषी वराहमिहिर है। उसने यूनानी और भारतीय ज्योतिष का समन्वय करके रोमक तथा पोलिश के नाम से नये सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया जिससे भारतीय ज्योतिष का महत्त्व बढ़ा। उसके छः ग्रन्थ उल्लेखनीय हैं- पंथ सिद्धान्तिका, विवाहपटल, योगमाया, बृहत्संहिता, वृहज्जातक और लघुजातक।

चरक एक महर्षि एवं आयुर्वेद विशारद के रूप में विख्यात हैं। वे कुषाण राज्य के राजवैद्य थे। इनके द्वारा रचित चरक संहिता एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रन्थ है।

**43. (B) हरियाणा**

छठी सदी के उत्तरार्ध में पुष्यभूति वंश का उदय थानेश्वर (हरियाणा) में हुआ। इस वंश का संस्थापक पुष्यभूति था। इस वंश का सबसे महान शासक हर्षवर्धन था।

**44. (C)**

कटुक, पात्री एवं चट्ट-भट्ट पुलिस से संबंधित थे ।

दूत व यमचेट्टी स्त्रियों के संरक्षक थे।

कुमारामात्य राजवंश से संबंधित अधिकारी था।

**45. (D) 1, 2, 3 और 4**

- हर्ष की सैन्य व्यवस्था - चतुरंगिणी
- घुड़सवार सेना का प्रधान - कुंतल
- गजसेना का प्रधान - कटुक
- सेना का प्रधान – सिंहनाद
- संदेशवाहक – दीर्घध्वज

**46. (D)**

- भौगिक – कर वसूलने वाला
- पुस्तपाल – जमीन का हिसाब रखने वाला
- वनपाल – वन का रक्षक
- राज्य की आय का महत्वपूर्ण श्रोत कृषि था।

**47. (D) 1/6 भाग**

राज्य की सर्वाधिक आय भूमि से प्राप्त होती थी। जिसमें उग्दंग, उपरिकर, धान्य और हिरण्य सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

**48. (A)**

हर्ष ने तीन संस्कृत कृतियों: नागानंद, रत्नावली, और प्रियदर्शिका की रचना की। हर्षचरित की रचना बानभट्ट ने की है।

**49. (A)**

दास प्रथा- मौर्याकालिन समाज की तरह गुप्तकाल में भी दास प्रथा का अस्तित्व था। नारद स्मृति से दासों की एक सूची प्राप्त होती है जो 15 प्रकार के हैं। दसों को आर्थिक कार्यों में न लगाकर मुख्यतः घरेलू कार्यों में लगाया जाता था।

भानुगुप्त के एरण अभिलख से सती प्रथा का प्रथम पुरातात्विक साक्ष्य मिलता है। फाह्यान और ह्वेनसांग पर्दा प्रथा की चर्चा नहीं करते हैं परन्तु कालीदास अभिज्ञानशाकुन्तलम् में अवगुठन शब्द का प्रयोग किया गया है। इससे यह होता है कि संभ्रात परिवार की महिलाएँ पर्दा करती थीं। देवदासी प्रथा प्रचलित थी। कालिदास के मेघदूत में महाकाल (उज्जैन) मंदिर में रखी जाने वाली देवदासियों की चर्चा है। परन्तु देवदासी प्रथा का प्रथम साक्ष्य रामगढ़ से प्राप्त एक गुफा अभिलेख में मिलता है। उस काल में वेश्याओं का भी अस्तित्व था। कामसूत्र में गणिकाओं के प्रशिक्षण की बात की गई है। मुद्राराक्षस से यह ज्ञात होता है कि उत्सवों के समय वेश्याएँ सड़क पर आ जाती थीं।

**50. (D) खिल**

गुप्तकालीन आर्थिक व्यवस्था का मुख्य आधार कृषि थी। अमरकोष में 12 प्रकार की भूमि का उल्लेख मिलता है। निवर्तन, कुल्यावाप, द्रोणवाप तथा आढ़वाप भूमि माप का पैमाना था। वास्तु ( वास करने योग्य भूमि); क्षेत्र (खेती के उपयुक्त भूमि); खिल (नहीं जोती जाने वाली भूमि); अप्रहत ( बिना जोती गई जंगल भूमि ) तथा औदक ( दलदली भूमि) आदि भूमि के प्रमुख प्रकार थे।

**51. (D) उपर्युक्त में से सभी**

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



ह्वेन त्सांग 630 ई. में 'चन्द्र की भूमि' (भारत) के गांधार प्रदेश पहुँचा। गांधार पहुंचनेके बाद ह्नेनसांग ने कश्मीर, पंजाब, कपिलवस्तु, बनारस, गया एवं कुशीनगर की यात्रा की। कन्नौज के राजा हर्षवर्धन के निमंत्रण पर वह उसके राज्य में लगभग आठ वर्ष (635-643 ई.) रहा। चीनी यात्रियों में सर्वाधिक महत्व ह्वेनसांग का ही है। उसे 'प्रिंस ऑफ ट्रैवलर्स 'अर्थात' यात्रियों का राजकुमार, नीति का पंडित, शक्यमुनि भी कहा जाता है।

**52. (A)**

श्रवणबेलगोला दक्षिण कर्नाटक में एक महत्वपूर्ण जैन तीर्थस्थल है। श्रवणबेलगोला में भगवान गोमेतेश्वर की 18 मीटर ऊंची मूर्ति है। इसका निर्माण गंगदेव के मंत्री और सेनापति चामुंडराय ने करवाया था। इसे दुनिया की सबसे ऊंची मुक्त-खड़ी अखंड मूर्तियों में से एक माना जाता है।

**53. (D) 1, 2, 3 और 4**

- प्रतिष्ठान सातवाहन वंश की राजधानी रही , यह महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में है। सातवाहन साम्राज्य की राजकीय भाषा प्राकृत व लिपि ब्राह्मी थी।
- पुष्यमित्र शुंग साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र थी। पुष्यमित्र प्राचीन मौर्य साम्राज्य के मध्यवर्ती भाग को सुरक्षित रख सकने में सफल रहा।
- कदम्ब दक्षिण भारत का एक ब्राह्मण राजवंश था। कदम्ब वंश के राज्य की स्थापना चौथी सदी ई. में हुईथी। इसकी राजधानी बनवासी थी।
- चन्देल राजाओं की राजधानी महोबा या कलिंजर, जेजाकभुक्ति(उत्तर प्रदेश) थी।

**54. (B) भूमि कर उपज का 1/4 भाग था।**

भूमि कर उपज का 1/6 भाग था। मन्दिरों एवं ब्राह्मणों को सबसे अधिक ग्राम अनुदान गुप्त वंश ने दी थी। हूणों का भारत पर आक्रमण स्कन्दगुप्त के शासन काल में हुआथा।

**55. (A) भित्तरी स्तम्भ लेख**

सर्वप्रथम भारत पर होने वाले हूण आक्रमण की जानकारी भीतरी स्तम्भ लेख से मिलती है। यह स्तंभ लेख संस्कृत भाषा में लिखा हुआहै। यह गाजीपुर, उत्तर प्रदेश में है। स्कंदगुप्त इस स्तंभ लेख से जुड़े शासक हैं।

**56. (A)**

| | | |
|---|---|---|
| तोल्ल्ककम्पियम | - | तोलकक्पियर |
| शिल्पादिकारम | - | इलांगो आडीगल |
| मणिमेकलई | - | सितलै श्तनार |
| जीवक चिन्तामणि | - | तिरुतक्कदेवर |

**57. (B) केवल 1 और 4**

- शिल्पादिकारम् - इसका शाब्दिक अर्थ नूपुर की कहानी होता है। इसके लेखक का नाम इलांगो आदिगल है। इसका नायक का वलन और नायिका कन्नगी और गणिका माधवी के रूप में लिखा गया है। यह सामाजिक संदेश देने वाला ग्रंथ है। इसको तमिल साहित्य का इलियड कहा गया है।
- मणिमेखलै - कोवलन और माधवी की पुत्री का नाम मेखलै था इसलिए यह नाम पड़ गया। जहाँ शिल्पादिकारम की कहानी समाप्त होता है वहीं से इसकी शुरूआत होती है। इसने बौद्ध धर्म को अपनाकर संसारिक मोह माया का त्याग कर दिया। इसके लेखक का नाम सीतलै संतनार है। इस ग्रंथ को तमिल साहित्य का ओडिसी कहा गया है।
- जीवकचिंतामणि- इसे जैन धर्म का ग्रंथ माना गया है। इसके लेखक तिरूक्कदेवर थे, जो जैन विद्वान थे। इस ग्रंथ में आठ प्रकार के विवाह का उल्लेख किया गया है। इस ग्रंथ को विवाह ग्रंथ, (मणनूल) कहा गया है।
- कुरल- इसे तमिल साहित्य का महाकाव्य या रामायण कहा गया है, जिसके लेखक तिरूवल्लूर है।
- तोलकापियम्-इस ग्रंथ के लेखक का नाम तोलकापियर है। यह दक्षिण भारत का या तमिल साहित्य का पहला व्याकरण ग्रंथ है।

**58. (D) चेर, चोल और पांड्या**

संगमकाल के अन्तर्गत तीन वंशों ने जैसे- पाण्ड्य वंश, चोल वंश एवं चेर वंश ने शासन किया। अशोक के अभिलेख में इन तीनों वंशों के साथ-साथ एक और वंश सतीयपुत्र का उल्लेख किया गया है। लेकिन इस वंश की पहचान अब तक नहीं हुई है।

**59. (D)**

पाण्ड्य वंश - इस वंश के संरक्षण में तीनों संगम का आयोजन हुआथा। इन लोगों के बारे में सर्वप्रथम जानकारी मेगास्थनीज की इंडिका से मिलता है। मेगास्थनीज के अनुसार पाण्ड्य राज्य की शासन व्यवस्था किसी महिला के हाथ में केंद्रित थी अर्थात् मातृसत्तात्मक लक्षण था। पाण्ड्य वंश का राजकीय चिह्न मछली था। नेडियोन पाण्ड्य वंश का संस्थापक था।

**60. (B) नेडूनजेलियन**

नेडूनजेलियन पाण्ड्य वंश का सबसे महत्वपूर्ण शासक था। तलैयालंगानम् के युद्ध में चेर वंश के शासक शेय को पराजित करना इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि मानी गई है। इसी शासक ने निर्दोष कोवलन को फाँसी की सजा दी थी। सत्य की जानकारी के बाद नेडूनजेलियन ने

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



आत्महत्या कर ली थी। इसी के शासन के समय कोवलन की पत्नी कन्नगी ने पाण्ड्य राज्य का त्यागकर चेर राज्य में शरण ले लिया।

**61. (D) उपर्युक्त में से सभी**

नेडियोन पाण्ड्य वंश का संस्थापक था। इसकी राजधानी मदूरा थी। इसके द्वारा समुद्र पूजा की प्रथा को शुरू किया गया था। इस शासक ने सिंचाई व्यवस्था पर ध्यान देते हु एपहरूली नदी पर एक बाँध का निर्माण कराया था।

**62. (D) पाणिनी के अष्टाध्यायी से**

संगम काल के बारे में अशोक के अभिलेख, मेगास्थनीज की इंडिका, ऐतरेय ब्राह्मण और पाणिनी के अष्टाध्यायी से भी जानकारी मिलती है, | लेकिन सबसे महत्वपूर्ण जानकारी संगमकालीन ग्रंथों से मिलती है। चोल वंश के बारे में सर्वप्रथम जानकारी अष्टाध्यायी से मिलती है।

**63. (C) कपास के व्यापार का महत्वपूर्ण केन्द्र**

इलनजेतचेन्नी चोलवंश का संस्थापक था। इसने उरैयूर को अपनी राजधानी बनाई। उरैयूर सूतीवस्त्र के लिए विश्वविख्यात था।

**64. (C) करिकाल**

करिकाल चोलवंश का सबसे महत्वपूर्ण शासक था। इन्हे जले हु ए पैर वाला शासक कहा गया है। वे सात सूरों का ज्ञाता भी थे। करिकाल ने वेण्णी के युद्ध में चेर और पाण्ड्य वंश की संयुक्त सेना को पराजित किया था जिसे उनकी सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना गई है। पट्टिनप्पलाई उनके जीवन और सैन्य विजय को चित्रित करता है।

**65. (D) पुहार**

करिकाल ने सिंचाई के लिए कावेरी नदी के तट पर 160 किमी. लंबा बाँध का निर्माण कराया और वेण्णी के युद्ध में कैद किये गए सैनिकों को निर्माण कार्य में लगा दिया था। इनके द्वारा कावेरी के तट पर पुहार नामक एक नगर का निर्माण किया गया और उरैयूर के स्थान पर पुहार को राजधानी घोषित की गई। पुहार को कावेरीपट्टनम भी कहते हैं, जहाँ से सबसे अधिक जलमार्ग से व्यापार किया जाता था।

**66. (C) चोल**

संगमकालीन चोल शासक एलोरा ने श्रीलंका को जीतकर लगभग 50 वर्षों तक वहाँ शासन किया था।

**67. (A) धनुष**

- चेर वंश का राजकीय चिह्न - धनुष
- चोल वंश का राजकीय चिह्न - बाघ
- पाण्ड्य वंश का राजकीय चिह्न - मछली

**68. (C) मोतियों के लिए**

संगमकाल के अन्तर्गत चेर वंश एक महत्वपूर्ण वंश था, जिसके बारे में सर्वप्रथम जानकारी एतरेय ब्राह्मण से मिलती है। इन लोगों का राजकीय चिह्न धनुषथा। चेर वंश ने करूर और वांजी को अपनी राजधानी बनाकर शासन किया। करूर मोतियों के लिए प्रसिद्ध था।

**69. (B) कुट्टवन**

- उदयनजेरल - यह चेर वंश का संस्थापक था। परम्परा के अनुसार यह' माना गया है कि इसने महाभारत के युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को भोजन कराया था।
- कुट्टवन - चेर वंश के इतिहास में इस शासक को अनेक हाथियों वाला शासक कहा गया है।
- शेनगुट्टवन - यह चेर वंश का सबसे महत्वपूर्ण शासक था। इन्हें लालचेर भी कहा गया है। इसी के शासन के समय, कन्नगी ने पाण्ड्य राज्य को छोड़कर चेर राज्य में आकर समाधी ले ली थी। कन्नगी के स्मृति में इसने कन्नगी पूजा या पत्नी पूजा की पूजा को प्रारंभ किया।

**70. (A) वाणिज्य व्यापार के बारे में**

- वाणिज्य व्यापार के बारे में सबसे महत्वपूर्ण जानकारी 'पेरिप्लस-ऑफ-द-ऐरिथ्रियन-सी' नामक ग्रंथ से प्राप्त होती है।
- अरिकामेडु से रोम के साथ व्यापार करने का साक्ष्य भी मिला है।
- संगमकाल में भू-राजस्व को कराई और सीमा शुल्क को उलगु कहा गया है।
- संगमकाल के प्रमुख देवता मरुगन थे। इनका प्रतीक चिन्ह मुर्गा था।

**71. (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं**

- पहला तमिल संगम मदुरै के दक्षिण में पांड्य राजा मेकर्थी के संरक्षण में आयोजित किया गया था। अगस्त्य प्रथम संगम के अध्यक्ष थे।
- दूसरा तमिल संगम पांड्यों की दूसरी राजधानी कपाटपुरम में आयोजित किया गया था। इसके अध्यक्ष अगस्तय एवं तोल्लकाप्पियर थे।
- तीसरा तमिल संगम मदुरै में आयोजित किया गया था। इसके अध्यक्ष तमिल कवि नक्कीरर थे।

**72. (A) तोल्लकाप्पियम्**

द्वितीय संगम का शेष ग्रंथ - तोलकापियम

तृतीय संगम का शेष ग्रंथ - शिल्पादिकारम् मणिमेखलै, जीवक चिन्तामणि, कुरल

**73. (D)**

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



'मेहरौली के लौह स्तंभ' का निर्माण चंद्रगुप्त द्वितीय (शासनकाल 375-415 ईस्वी) द्वारा किया गया था।

**74. (A) ताम्रलिप्ति**

ताम्रलिप्ति बंदरगाह ने गुप्त काल के दौरान उत्तर भारतीय व्यापार को संभाला। ऐसा माना जाता है कि तारालिप्ति दक्षिण और दक्षिण-पूर्व के लिए मौर्य व्यापार मार्ग का निकास बिंदु था।

**75. (D) मुरुगन**

संगम काल के प्रमुख देवता मुरुगन थे, जिन्हें तमिल भगवान के रूप में जाना जाता है। दक्षिण भारत में मुरुगन की पूजा सबसे प्राचीन मानी जाती है और भगवान मुरुगन से संबंधित त्योहारों का संगम साहित्य में उल्लेख किया गया था।

**76.** (C)

- बौद्ध ग्रंथ दिव्यावदान में पुष्यमित्र शुंग का चित्रण बौद्ध धर्म के संहारक के रूप में किया गया है।
- अयोध्या का लेख – यह लेख पुष्यमित्र के राज्यपाल धनदेव का है, जिसमें पुष्यमित्र शुंग द्वारा किए गए दो अश्वमेध यज्ञों का वर्णन है।

**77.** (D)

- मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद मगध पर शुंग वंश ने शासन किया।
- शुंग वंश की स्थापना के संस्थपक पुष्यमित्र शुंग ने 185 ई०पू० में अंतिम मौर्य शासक वृहद्रथकी हत्याकरकेकी। वह वृहद्रथ का सेनापति था।
- शुंग ब्राह्मण थे तथा उज्जेन के निवासी थे। पुष्यमित्र शुंग ने सेनानी के नाम से मगध पर शासन किया।
- बाणभट्ट के हर्षचरित में पुष्यमित्र शुंग को अनार्य कहा गया है।

**78.** (B)

बौद्ध ग्रंथों के अनुसार पुष्यमित्र बौद्ध धर्म का उत्पीडक था। उसने कई बौद्ध विहारों को नष्ट किया तथा बौद्ध भिक्षुओं की हत्या की थी। पुष्यमित्र बौद्ध विरोधी था, लेकिन भरहुतस्तूप बनाने का श्रेय उसे ही दिया जाता है। इस स्तूप के वेष्टिनी पर 'सुगनंरजे' लिखा है। इसकी खोज 1873 ई० में अलेक्जेण्डर कनिंघन ने की।

**79.** ( )

- कालिदास के अनुसार, अग्निमित्र के पुत्र वसुमित्र ने सिन्धु नदी के तट पर यवनों को पराजित किया था।
- भागभद्र के दरबार में तक्षशिला के हिन्द-यवन शासक एण्टियालकीड्स ने हेलियोडोरस नामक राजदूत भेजा था, जिसने भगवत धर्म से प्रभावित होकर बेसनगर में वासुदेव के सम्मान में एक गरूड स्तंभ स्थापित किया।
- हेलियोडोरस का गरूड स्तंभ हिन्दू धर्म से संबंधित प्रथम स्मारक है।

**80.** (A)

- कण्व वंश की स्थापना वसुदेव ने की। वसुदेव ने अंतिम शुंग शासक देवभूति की हत्या करके इस वंश की नींव रखी थी। इस वंश में चार शासक (वसुदेव, भूमिमित्र, नारायण तथा सुशर्मन) हुए।
- अंतिम शासक सुशर्मन की हत्या 30 ई०पू० में सिमुकने कर एक नई वंश सातवाहन या आंध्र सातवाहन वंश की नींव रखी। पुराणें में इन्हें आन्ध्र मृल्य कहा गया है। प्लिनी ने भी सातवाहनों की चर्चा की है।

**81.** (C)

रानी नागनिका का नानाघाट घाट अभिलेख (पुणे, महाराष्ट्र) – इस अभिलेख से ही पता चलता है कि इसने पहली शताब्दी ई०पू० में ब्राह्मणों एवं बौद्धों को भूमि अनुदान में दी, जो भूमिदान का पहला अभिलेखीय साक्ष्य है। यह अभिलेख सातवाहनकालीन है।

**82.** (A)

- शातकर्णी प्रथम सातवाहन वंश का एक महत्वपूर्ण शासक था। इसने दक्षिणाधिपति तथा अप्रतिहतचक्र की उपाधि धारण की थी।
- इसने दो अश्वमेध तथा एक राजसूय यज्ञ का अनुष्ठान किया था। पुराणों में इसे कृष्ण का पुत्र कहा गया है।
- इसने मालव शैली की गोल मुद्राएं तथाअपनी पत्नी के नाम पर रजत मुद्राएं
- इसके सिक्कों पर श्रीसात (शातकर्णी का सूचक) का उल्लेख मिलता है।
- इसकी उपलब्धियों की जानकारी नागनिका के नानाघाट अभिलेख से मिलती है।

**83.** (D)

- कण्व वंश के अंतिम शासक सुशर्मन की हत्या 30 ई०पू० में सिमुकर सातवाहन वंश की नींव डाली।
- सातवाहन वंश का शासन क्षेत्र मुख्यत: महाराष्ट्र, आंध्र और कर्नाटक था। पुराणों में इसे आंध्रमृत्य तथा अभिलेखों में सातवाहन कहा गया है।
- सातवाहन वंश की राजधनी प्रतिष्ठान या पैठान थी।
- सातवाहन की राजकीय भषा प्राकृत तथा लिपि ब्राह्मी थी।

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



- सातवाहन वंश किसी-न-किसी रूप में लगभग तीन शताब्दियों तक बना रहा, जो प्राचीन भारत में किसी एक वंश का सर्वाधिक कार्यकाल है।
- सातवाहन राजपरिवार में महिलाएँ बौद्ध को प्रश्रय देती थीं, जबकि पुरूष प्राय: वैदिक धर्म का पालन करते थे।

**84.** (B)

- गौतमीपुत्र शातकर्णी सातवाहन वंश का एक महान शासक था। उसकी विजय की जानकारी उसकी माता गौतमी बलश्री के नासिक अभिलेख से प्राप्त होती है। इस अभिलेख में उसे अद्वितीय ब्राह्मण कहा गया है। इस अभिलेख के अनुसार उसके घोडों ने तीनों समुद्रों का पानी पिया था।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी 'खतियदपमानमदनस' उपाधि धारण की थी। इसने शक शासक नहपान को पराजित किया था
- इसने नासिक जिले में वेणाकटक नामक नगर का निर्माण करवाया। उसने राजाराज, वेंकटस्वामी विंध्यनरेश की उपाधि ग्रहण की।
- उसने बौद्ध संघ को अजकालिकय तथा कार्ले के भिक्षुसंघ को 'करजक' नामक ग्राम दान में दिए।

**85.** (C)

सातवाहन शासक गौतमीपुत्र ने शक नहपान को पराजित किया था। जोगलथम्बी (नासिक) से प्राप्त मुद्राभाण्ड से लगभग 13,250 मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं। इन मुद्राओं के आधार पर यह पुष्टि होती है कि गौतमीपुत्र शातकर्णी ने क्षहरात वंश के शक शासक नहपान के खिलाफ अभियान कर उसे हराया था। पुलुमावी के शासक गुहालेख से भी गौतमीपुत्र शातकर्णी के सैनिक सफलताओं की सूचना मिलती है। नासिक अभिलेख से पता चलता है कि गौतमीपुत्र का विन्ध्य पर्वत के दक्षिण के संपूर्ण क्षेत्र पर अधिकार था।

**86.** (D)

- सातवाहन काल में महिलाएँ शिक्षित थीं।
- सातवाहन काल में पर्दा प्रथा नहीं थी।
- सातवाहन काल में स्त्रियाँ भी संपत्ति में भागीदार होती थी।
- सातवाहन काल में समाज में अंतर्जातीय विवाह होते थे।
- इस काल में मातृसत्तात्मक ढांचे का आभास मिलता है।

**87.** (D)

- शातकर्णी प्रथम के उत्तराधिकारी 'हाल' ने 'गाथा सप्तशती' नामक पुस्तक की रचना प्राकृत भाषा में की है। इस पुस्तक में उसकी प्रेमगाथाओं का वर्णन है।
- कामसूत्र का विपरीत ग्रंथ गाथा सप्तशती को कहा जाता है।
- हाल के राजदरबार में लेखक गुणाढ्यं (वृहतकथा के लेखक) एवं लेखक सर्ववर्मन (कातंत्र व्याकरण के लेखक) रहते थे।
- हाल के सेनापति विजयानंद ने श्रीलंका को जीता था।
- 700 पदों वाले 'गाथा सप्रशती' में 'हाल' ने मात्र 44 पदों का योगदान दिया था। इसकी रचना में बडी संख्या में कवयित्रियों पहाई, रोल, महावी, शशिपाहा एवं रेवा का योगदान रहा।

**88.** (B)

- गौतमीपुत्र शातकर्णी का उत्तराधिकारी वशिष्ठीपुत्र पुलुवामी था। पुराणों के अनुसार इसने लगभग 130-159 ई० तक शासन किया था। पुराणों में इसे पुलोमा पुरोमनि अथवा पुलोमावि कहा गया है।
- इसके कुछ सिक्कों पर दो पतवारों वाले जहाज का चित्र बना हुआ है, जो सातवाहनों की नौशक्ति का संकेत है। ये सिक्के कोरोमंडल तट से प्राप्त हुए हैं।
- वशिष्ठीपुत्र पुलामावी को शक शासक रुद्रदामन ने दो बार पराजित किया था।
- आंध्र प्रदेश पर विजय के पश्चात वशिष्ठीपुत्र पुलामावी को प्रथम आंध्र सम्राट कहा गया।
- वशिष्ठीपुत्र पुलुमावी ने अपनी राजधानी महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के गोदावरी नदी के किनारे प्रतिष्ठान या पैठान बनाई।
- वशिष्ठीपुत्र पुलमावी को दक्षिणापथेश्वर भी कहा गया है।
- टॉलमी के विवरण में इसे 'सिरोपोलिमेओस' कहा गया है।

**89.** (A)

सातवाहन वंश का अंतिम शासक पुलुमावि चतुर्थ था।

**90.** (C)

- सामंतिक लक्षण का आभास सर्वप्रथम सातवाहन काल में ही मिलता है।
- सातवाहन काल में सामंतों की तीन श्रेणियाँ थी – प्रथम राजा, द्वितीय महाभेज, तृतीय – सेनापति
- सातवाहनों ने सर्वप्रथम सीसे की मुद्रा चलाई थी।
- सातवाहन शासन में अधिकारी को आमत्य और महामात्य कहा जाता था।

**91.** (D)

सातवाहन काल में जिला को 'अहार' कहा जाता था। इस काल में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासक 'गौल्मिक' कहलाता था। जो एक सैनिक टुकडी का प्रधान होता था, जिसमें नौ रथ, नौ हाथी, पच्चीस घोडे और पैंतालीस पैदल सैनिक होते थे।

**92.** (C)

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



- सातवाहन काल में आंतरिक एवं बाह्य दोनों ही व्यापार होते थे। पश्चिमी देशें के साथ-साथ श्रीलंका, जावा, सुमात्रा आदि के साथ जल मार्ग से व्यापार होता था।
- सातवाहन काल में व्यापार-व्यवसाय में चॉदी तथा ताम्बे के सिक्कों का प्रयोग होता था, जिसे 'कार्षापण' कहा जाता था। सातवाहनों ने ही सर्वप्रथम सीसे की मुद्रा चलाई थी।
- सातवाहन काल में कृषि उन्नत अवस्था में थी। राजा कृषकों की उपज का छठा भाग कर के रूप में प्राप्त करता था।
- मिलिंदपन्हों तथा महावस्तु से व्यवसायों एवं शिल्पियों की विभिन्न श्रेणियों का पता चलता है, जिनके प्रधान को श्रेष्ठिन कहा जाता था। श्रेणी के कार्यालय को निगमसभा कहा जाता था। श्रेणियों को राज्य की तरफ से मान्यता प्राप्त थी। ये बैंक का कार्य भी करती थी। ये अपने नाम से दान भी देती थी। इनके सिक्के और मुहरें भी मिले हैं।

**93.** (B)

सातवाहनों की प्रारंभिक राजधानी धान्यकटक (अमरावती) थी।

**94.** (D)

- शातकर्णी प्रथम (27 – 17 ई०पू०) सिमुक का पुत्र था। उसके नामों का उल्लेख 'पेरिप्लस ऑफ दि एरिथिमन सी' में मिलता है। अपनी स्थिति को सुदृढ करने के लिए उसने अगिय या अमिय वंश की राजकुमारी नयनिका से विवाह कर लिया। उसकी रानी नयनिका/नागनिका के अभिलेख से शातकर्णी के कार्यों पर प्रकाश पडता है। सातवाहन वंश में शातकर्णी उपाधि धारण करने वाला पहला शासक शातकर्णी प्रथम ही था।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी के शासन काल से सातवाहन वंश मातृसत्तात्मक तत्व अपनाए गए अथवा महत्वपूर्ण बन गये।
- शकों के आक्रमण के कारण सातवाहनों को दक्षिण की ओर खिसकना पडा।

**95.** (A)

**96.** (D)

- सातवाहन शासकों ने राज्य में निवास करने वाले सभी नागरिकों के प्रति धार्मिक सहिष्णुता की नीति का अनुशीलन किया। सातवाहन काल में राजा स्वयं के साथ देवताओं का तादात्म्य स्थापित करने लगे उदाहरण – गौतमीपुत्र शातकर्णी ने स्वयं को कृष्ण, बलराम और संकर्षण का रूप स्वीकार किया था। गौतमीपुत्र शातकर्णी को नासिक प्रशस्ति में अद्वितीय ब्राह्मण कहा गया है।
- हाल कृत गाथा सप्तशती के प्रारंभ में ही शिव की पूजा की गई है तथा इसमें इन्द्र, कृष्ण, पशुपति एवं गौरी की पूजा का भी उल्लेख मिलता है।

**97.** (B)

- उदयगिरी की गुफाएं हाथी गुंफा अभिलेख के लिए प्रसिद्द है
- हाथी गुंफा अभिलेख से कलिंग नरेश खारवेल की विजयों और उसके द्वारा किये गए विभिन्न कार्यों की जानकारी मिलती है
- हठी गुंफा अभिलेख ब्राह्मी लिपि और प्राकृत भाष में उत्कीर्णित किया गया है जो जैन नमोकार मन्त्र के साथ प्रारंभ होता है

**98.** (A)

- हाथी गुंफा अभिलेख में सर्वप्रथम 'भारतवर्ष' का उल्लेख मिलता है! हाथी गुंफा अभिलेख में तिथी अंकित नहीं है 1825 ई० में इस लेख की खोज विशप स्टर्लिंग ने की थी
- इस अभिलेख कला शुद्ध वाचन जनरल कनिंघम और भगवान लाल इंद्र ने किया
- ध्यान रहे यह अभिलेख एक प्रशिस्त के रूप में है! जिसमें खारवेल के जीवन व उपलब्धियों का विवरण है

**99.** (B)

- ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में चेदिवंश का संस्थापक महामेघवाहन था इसी कारण इस वंश को महामेघवाहन वंश की भी संज्ञा दी जाती है!
- इस वंश का तीसरा शासन महाराज खारवेल था जिसके विषय में जानने का एक मात्र श्रोत हाथीगुंफा अभिलेख है
- खारवेल की प्रमुख उपलब्धियां – भिक्षुराज, वृद्ध राज, धर्मराज, लेमराज, महाविजयराज एवं राजर्षि
- राज्याभिषेक के दुसरे वर्ष खारवेल अपना प्रथम सैन्य अभियान किया और कण्वेणा (वैनगंगा) नदी तक आगे बढ़कर मुसिक एसक असक (ऋषिक) नगर तक सैन्य अभियान किया! इसी समय खारवेल का संघर्ष सातवाहन राजा शातकर्णी प्रथम से हुआ!
- खारवेल के रानीगुफा अभिलेख में उसके लिए चक्रवर्ती की उपाधि का उल्लेख किया गया है!
- खारवेल जैन तीर्थंकर ऋषभ देव की मूर्ति मगध से लाने में सफल हुआ, जिसको तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मगध शासक महापद्मनन्द कलिंग से ले गया था!

**100.** (D)

- खारवेल 16 वर्ष की आयु में युवराज बना तह 24 वर्ष की आयु में उसका राज्याभिषेक हुआ!
- खारवेल ने राजा बनने के प्रथम वर्ष ही राजधानी कलिंग में अनेक निर्माण कार्टी करवाकर अपनी स्थिति सुदृढ़ किया
- राजयाभिशेक के दुसरे वर्ष खारवेल अपना प्रथम सैन्य अभियान किया
- खारवेल ने अपने शासन के पांचवें वर्ष में मगधराज महापद्मनन्द द्वारा खुदवाई गई नगर का विस्तार तन्सुली से कलिंग तक करवाया

Download BPSC Test Series From: https://www.pdfnotes.co/bpsc-test-series/



- खारवेल ने अपने शासन के आठवें वर्ष में उत्तर भारत में प्रथम सैन्य अभियान किया तथा गोरथागिरी पहाड़ियों को पार कर यवणराज दिमित्री के सेना से संघर्ष किया
- खारवेल ने अपने शासन के नवें वर्ष में प्राची नदी के दोनों तरफ एक महाविजय प्रसाद का निर्माण करवाया
- खारवेल ने अपने शासन के 10वें वर्ष में उसने पुन: गंगा घाटी पर आक्रमण किया परन्तु असफल रहा
- खारवेल ने अपने शासन के 11वें वर्ष में दक्षिण भारत में सैन्य अभियान कर पिठुंड नगर को ध्वस्त किया और गदहों का हल चलवाया
- खारवेल जैन धर्मानुयायी था उसने बरार तथा अहमदनगर में निवास करने वाले विद्‌याधर जैनियों को भूमि दान किया! उसने जैन भिक्षुओं के लिए उदयगिरी - खण्डगिरी पहाड़ियों पर गुफाएं बनवायी